# केरल से हिमाचल तक भारी बारिश का कहर

## कन्नूर में 36 सेमी बारिश दर्ज, छह राज्यों में अचानक बाढ़ की चेतावनी

**नई दिल्ली, 02 अगस्त।देश के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों तक मानसूनी गतिविधियां तेज बनी हुई हैं. पिछले 24 घंटों के दौरान कई राज्यों में भारी से अत्यंत भारी बारिश दर्ज की गई. केरल के कन्नूर जिले के अय्यनकुन्नू में 36 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो इस अवधि में देश में सबसे अधिक रही.**



तटीय कर्नाटक में भी बारिश का जोर देखने को मिला. दक्षिण कन्नड़ जिले के बेलथांगडी में 29 सेंटीमीटर और सुल्या में 21 सेंटीमीटर बारिश हुई. पूर्वी उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले की बांसी तहसील में 24 सेंटीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई. दक्षिण आंतरिक कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के थलागुप्पा में 23 सेंटीमीटर और चिकमगलुरु के शृंगेरी में 22 सेंटीमीटर बारिश हुई. तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के ऊपरी भवानी क्षेत्र में भी 21 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई. गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के मोरबी में 18 सेंटीमीटर बारिश हुई. मध्य महाराष्ट्र के महाबलेश्वर और कोल्हापुर के राधानगरी में 13-13 सेंटीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई. गुजरात के वलसाड स्थित कपराडा में 11 सेंटीमीटर, ओडिशा के ढेंकनाल और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक के बेलगावी में 11-11 सेंटीमीटर बारिश दर्ज हुई. मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कई राज्यों के संवेदनशील इलाकों में अचानक बाढ़ यानी फ्लैश फ्लड की चेतावनी जारी की है.

> विभाग के अनुसार, कई क्षेत्रों में मिट्टी पहले ही पानी से पूरी तरह संतृप्त हो चुकी है. ऐसे में तेज बारिश होने पर पानी का बहाव अचानक बढ़ सकता है. हिमाचल प्रदेश के चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, शिमला और सिरमौर जिलों के नदी-नालों वाले इलाकों में खतरा जताया गया है. जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के भी कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है.

# 194 साल तक जिंदा रहेंगे पुतिन!

### रूसी रिसर्च के दावे ने छेड़ी नई बहस

**नई दिल्ली, 02 अगस्त. इंसान की सबसे पुरानी इच्छाओं में से एक है—क्या मौत को मात दी जा सकती है? क्या इंसानी शरीर को इतना विकसित किया जा सकता है कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया रुक जाए, इसी सवाल ने एक बार फिर दुनिया का ध्यान खींचा है. रूस की एक रिसर्च को लेकर दावा किया जा रहा है कि भविष्य में इंसान 194 साल तक जीवित रह सकता है.**

रूस के स्कोल्कोवो इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया, जीन तकनीक और चिकित्सा विज्ञान से जुड़े शोध पर काम किया जा रहा है. वैज्ञानिकों का उद्देश्य ऐसी तकनीक विकसित करना है, जिससे इंसान लंबे समय तक स्वस्थ रह सके और बुढ़ापे से जुड़ी बीमारियों को नियंत्रित किया जा सके.

> इस रिसर्च को लेकर सोशल मीडिया और कई रिपोर्ट्स में '194 साल तक जिंदा रहने' की चर्चा तेज हो गई है, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक इसका मतलब अमरता नहीं है. वैज्ञानिक अभी तक ऐसी कोई तकनीक विकसित नहीं कर पाए हैं, जो इंसान को हमेशा के लिए जीवित रख सके. इस विषय पर चर्चा तब और बढ़ गई थी, जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बातचीत का एक हिस्सा सार्वजनिक हुआ था.



### एक नजर में

#### नाव में लगी आग से 5 लोगों की मौत

**जकार्ता, 02 अगस्त.** इंडोनेशिया में रविवार को समुद्र के बीच एक फेरी में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया. मदुरा द्वीप के पास हुई इस दुर्घटना में अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 41 लोग लापता बताए जा रहे हैं. हादसे के वक्त फेरी में यात्रियों और क्रू सदस्यों समेत कुल 271 लोग सवार थे. आग लगने के बाद फेरी में सवार लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई और बड़े स्तर पर बचाव अभियान शुरू किया गया. इंडोनेशिया की सर्च और रेस्क्यू एजेंसी ने बताया कि आग लगने की घटना के बाद राहत और बचाव दल ने तेजी से अभियान शुरू किया. एजेंसी के अनुसार, अब तक 225 लोगों को सुरक्षित बचाया जा चुका है.

#### जापान भूकंप में मृतकों की संख्या 38 हुई

**टोक्यो, 02 अगस्त.** जापान के दक्षिण-पश्चिमी कुमामोटो प्रांत में पिछले सप्ताह आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 38 हो गयी है. हजारों लोग अब भी राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं. सरकारी प्रसारक एनएचके की रविवार की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने अब तक 36 लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि दो अन्य मौतों की जांच की जा रही है कि वे पिछले मंगलवार आए 7.1 तीव्रता के भूकंप के कारण हुई या नहीं. भूकंप के बाद 210 राहत शिविरों में 9,200 से अधिक लोग ठहरे हुए हैं. वहीं, 3,400 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं. कुमामोटो में 69,000 से अधिक घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अब भी पेयजल आपूर्ति बाधित है. भूकंप से प्रभावित चिकित्सा संस्थान भी धीरे-धीरे सामान्य स्थिति बहाल करने में जुटे हैं.

# बंगाल में आईएसआई हनी ट्रैप का प्लान फेल

### आतंकी हमीम की गर्लफ्रेंड अर्पिता पर खुलासा

**कोलकाता, 02 अगस्त. पश्चिम बंगाल में संदिग्ध आतंकी नेटवर्क के खिलाफ चल रही जांच में दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए छात्र प्रदर्शन को लेकर एक गंभीर दावा सामने आया है. पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने कहा है कि पूर्व बर्धमान से गिरफ्तार संदिग्ध हमीम मंडल और उसकी कथित सहयोगी अर्पिता सरकार के संबंध पाकिस्तान से जुड़े हैंडलर्स से होने की जांच की जा रही है.**



एसटीएफ के अनुसार, कथित योजना के तहत जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र प्रदर्शन में पुलिस की वर्दी पहनकर घुसने और वहां अशांति फैलाने की तैयारी की गई थी. आरोपियों ने कथित तौर पर पुलिस की वर्दी हासिल करने की योजना बनाई थी. एसटीएफ का कहना है कि इस पूरे मामले में सोशल मीडिया चैट और डिजिटल संपर्कों की जांच की जा रही है. हालांकि, एसटीएफ के आईजी गौरव शर्मा ने यह स्पष्ट किया है कि जांच एजेंसी फिलहाल यह पुष्टि नहीं कर सकती कि हमीम जंतर-मंतर प्रदर्शन में वास्तव में पहुंचा था या नहीं. यानी अभी सामने आए दावे जांच का हिस्सा हैं और इनकी पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी.

# 21 तमंचों व वेल्डिंग मशीन के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ, 02 अगस्त. उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स और थाना लालकुर्ती पुलिस की संयुक्त टीम को अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है. पुलिस टीम ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में अवैध तमंचों की सप्लाई करने वाले गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है.**

आरोपी के पास से 21 बने हुए अवैध तमंचे और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं. बताया गया कि ?एसटीएफ मेरठ यूनिट के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार और उनकी टीम 1 अगस्त 2026 की रात लगभग 10:50 बजे थाना लालकुर्ती क्षेत्र में गश्त पर थे. मुखबिर से सूचना मिली कि बीएसएनएल ऑफिस से मॉल रोड जाने वाले रास्ते पर कूड़ाघर के पास एक व्यक्ति अवैध असलहों का बैग और वेल्डिंग मशीन लिए खड़ा है.



मेरठ में एसटीएफ और पुलिस का बड़ा एक्शन

# लव मैरिज के बाद 44 लाख के लिए पत्नी की हत्या

**हमीरपुर, 02 अगस्त. उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में एक ऐसी वारदात का खुलासा हुआ है, जिसने पति-पत्नी के रिश्ते को झकझोर कर रख दिया है. पुलिस का दावा है कि एक पति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी की हत्या सिर्फ इसलिए कर दी, ताकि वह 44 लाख रुपये की जीवन बीमा राशि हासिल कर सके.**

आरोपी ने वारदात को सड़क दुर्घटना दिखाने की पूरी योजना बनाई थी, लेकिन पुलिस की तकनीकी जांच के सामने उसकी साजिश ज्यादा देर तक छिप नहीं सकी. मामला ललपुरा थाना क्षेत्र के पौधिया गांव का है. 29 जुलाई की रात खेतों की रखवाली कर

### आरोपी ने सड़क हादसे की रची साजिश

लौट रहे ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक महिला का शव पड़ा देखा था. सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शुरुआती जांच में मामला सड़क हादसे का लग रहा था. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. पुलिस को घटनास्थल से एक बैंक खाते की पर्ची मिली, जिसके आधार पर मृतका की पहचान 32 वर्षीय रीता के रूप में हुई. सूचना मिलने के बाद उसका पति अमर सिंह भी मौके पर पहुंचा.



# तमिलनाडु में खड़ी लॉरी में घुसी कार, 5 लोगों की मौत

**कोयंबटूर, 02 अगस्त. तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में रविवार दोपहर एक भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई.**

यह हादसा पोलाची-उडुमलाई राष्ट्रीय राजमार्ग पर नल्लामपल्ली के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी लॉरी के पिछले हिस्से से जा टकराई. मृतकों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं. दुर्घटना के समय कार उडुमलाई से पोलाची की ओर जा रही थी. बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार काफी अधिक थी. इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और हाईवे किनारे खड़ी लॉरी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया.

### आज का इतिहास

- 1492 : यूरोपीय देश स्पेन से सभी यहूदियों को बाहर निकाला गया.
- 1492 : क्रिस्टोफर कोलंबस ने तीन जहाजों के साथ स्पेन से अपनी पहली समुद्री यात्रा शुरू की.
- 1678 : राबर्ट लासैले ने अमेरिका में पहले जहाज का निर्माण किया.
- 1780 : मेहर पोफम के तहत कैप्टन ब्रूस ने ग्वालियर पर कब्जा किया.
- 1886 : भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का जन्म
- 1900 : फर्स्ट वन टायर एंड रबर कंपनी की स्थापना.
- 1914 : पहला समुद्री जहाज पनामा नहर से गुजरा.

#### पत्नी की नौकरी के लिए टावर पर चढ़ा युवक

**रांची, 02 अगस्त.** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) से जुड़ी कथित अनियमितताओं के खिलाफ चल रहे अभ्यर्थियों के आंदोलन के बीच राजधानी रांची में शनिवार देर रात एक युवक के मोबाइल टावर पर चढ़ने से हड़कंप मच गया. घटना जयपाल सिंह स्टेडियम परिसर की है, जहां धरना स्थल के पास स्थित मोबाइल टावर पर युवक चढ़ गया और अपनी मांगों को लेकर विरोध जताने लगा. घटना रात करीब एक बजे की बताई जा रही है. टावर पर युवक के चढ़ने की सूचना मिलते ही आंदोलन स्थल पर मौजूद अभ्यर्थियों और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई. कुछ ही देर में पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

# 20 साल बाद कोलकाता लौटीं तसलीमा

**कोलकाता, 02 अगस्त. बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन की लगभग 20 साल बाद कोलकाता वापसी के मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अचानक विवाद खड़ा हो गया. कार्यक्रम के दौरान उस समय हंगामा शुरू हो गया, जब तसलीमा नसरीन ने मशहूर बांग्ला कवि जॉय गोस्वामी को मंच पर आकर उनके साथ बैठने का आग्रह किया.**

जैसे ही साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कवि जॉय गोस्वामी अपनी सीट से उठकर मंच की ओर बढ़े, सभागार में मौजूद दर्शकों के एक हिस्से ने विरोध शुरू कर दिया. देखते ही देखते कार्यक्रम स्थल नारों और शोर-शराबे से गूंजने लगा. स्थिति को देखते हुए गोस्वामी वापस अपनी सीट पर लौट गए. अचानक हुए इस विरोध के कारण तसलीमा नसरीन कुछ देर तक मंच पर माइक के पास चुपचाप खड़ी रहीं. आयोजकों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन कई मिनट तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा. इसके बाद तसलीमा ने दर्शकों से सीधे अपील करते हुए कहा, 'क्या मैं बोलूं? तो कृपया शांत हो जाएं और अपनी-अपनी जगह पर बैठ जाएं.' उनकी अपील के बाद स्थिति सामान्य हुई और उन्होंने अपना भाषण जारी रखा. इस विरोध को तसलीमा नसरीन के निर्वासन के पुराने विवादों से जोड़कर देखा जा रहा है. वर्ष 2007 में उनकी किताबों और विचारों के विरोध में हुए प्रदर्शनों के बाद उन्हें कोलकाता छोड़ना पड़ा था. उस समय जॉय गोस्वामी की भूमिका को लेकर कुछ लोगों ने सवाल उठाए थे.



मंच पर कवि को लेकर हुआ हंगामा

### हस्तियों के ट्वीट



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि विशेष चेतावनी- बहरूपिये भाजपाई बहेलियों से दूर रहें ! सत्ताधारियों के साथ सिर्फ़ अंधेरे में रहने वाले भूमिगत, अनरजिस्टर्ड संगी-साथी ही नहीं हैं, बल्कि इस बहु-भुजाओं वाले द्व' ऑक्टोपस गिरोह 'द्व के और भी कई हाथ हैं, जो चमचमाती लाइट में बैठकर और अपने 'कुविचार-वंशियों' को आसपास बैठाकर 'खुली साज़िश' करते हैं.

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कोटा की बेटी अरुंधति चौधरी ने राष्ट्रमंडल खेलों की 70 किलोग्राम बॉक्सिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के तिरंगे को विश्व मंच पर शान से लहरा दिया. यह जीत वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, संघर्ष और अदम्य आत्मविश्वास का स्वर्णिम प्रतिफल है.



# खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती विस्फोट में पांच लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, 02 अगस्त. पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार शाम एक पुलिस स्टेशन के बाहर संदिग्ध आत्मघाती हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी और 10 से ज्यादा लोग घायल हो गये.**

शहर के पुलिस प्रमुख मोहम्मद उमर ने पत्रकारों को बताया कि यह विस्फोट स्वात घाटी के कबल कस्बे में उस समय हुआ, जब स्थानीय युवाओं का एक समूह पुलिस स्टेशन के बाहर विरोध-प्रदर्शन कर रहा था. श्री



उमर ने बताया कि जांचकर्ताओं ने घटनास्थल से एक कटा सिर बरामद किया है, जिस पर आत्मघाती हमलावर का होने का संदेह जताया जा रहा है. पुलिस प्रमुख ने कहा कि विस्फोट की सटीक प्रकृति और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच जारी है.

# प्रेम के लिए बदला धर्म, शाहजहां बनीं प्रतीक्षा

**बरेली, 02 अगस्त। प्रेम और विश्वास के रिश्ते को आगे बढ़ाते हुए जौनपुर की शाहजहां बानो ने धर्म परिवर्तन कर प्रतीक्षा यादव नाम अपनाया और अपने प्रेमी पवन यादव के साथ विवाह कर लिया.**



बरेली के अगस्त्य मुनि आश्रम में लिए सात फेरे

बरेली स्थित अगस्त्य मुनि आश्रम में शनिवार को दोनों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ. विवाह से पहले आश्रम में धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी कराई गई, जिसके बाद शाहजहां का नया नाम प्रतीक्षा यादव रखा गया. जौनपुर के नाहरमऊ गांव निवासी समीउल्ला की बेटी शाहजहां बानो अपने प्रेमी पवन यादव के साथ बरेली के अगस्त्य मुनि आश्रम पहुंचीं. यहां आश्रम के आचार्य केके शंखधार ने दोनों के जन्म प्रमाणपत्र, शैक्षिक दस्तावेज और अन्य जरूरी कागजातों की जांच की. दोनों के बालिग होने की पुष्टि के बाद धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी कराई गई.इसके बाद गंगाजल से आचमन कराकर शाहजहां को नया नाम प्रतीक्षा यादव दिया गया. वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवन यादव और प्रतीक्षा यादव ने अग्नि के सामने सात फेरे लिए और पति-पत्नी के रूप में नया जीवन शुरू किया. विवाह के बाद दंपति ने बताया कि भले ही दोनों अलग-अलग जिलों से आते हैं, लेकिन उनके गांवों के बीच दूरी करीब 12 किलोमीटर ही है. समय के साथ दोनों की दोस्ती प्रेम में बदल गई और उन्होंने जीवनभर साथ रहने का फैसला किया. प्रतीक्षा ने बताया कि उन्होंने स्नातक तक पढ़ाई की है.


#### कर्नाटक में आज हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तार

**बेंगलुरु, 02 अगस्त.** कर्नाटक में मंत्रिमंडल विस्तार सोमवार को होने की संभावना है. इसी के साथ ही मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के कैबिनेट विस्तार का लगभग दो महीने लंबा इंतजार खत्म हो सकता है. उम्मीद की जा रही है कि कांग्रेस आलाकमान रविवार रात तक नये मंत्रियों की सूची को अंतिम मंजूरी दे देगा. इस विस्तार को एक अहम राजनीतिक कदम माना जा रहा है, जिसका मकसद विधानसभा सत्र और आने वाली चुनावी चुनौतियों से पहले सरकार को मजबूत करना है. सूत्री से मिली जानकारी के अनुसार मंत्रिमंडल के विस्तार में देरी पार्टी में गहन विचार-विमर्श के कारण हुई और श्री शिवकुमार ने नयी दिल्ली में पार्टी नेतृत्व के साथ कई दौर की बातचीत की.

### तीखा हमला
### पीएम मोदी का युवाओं के साथ जुड़ाव लगातार हो रहा मजबूत

# मोदी की लोकप्रियता से परेशान हैं राहुल : पीयूष

**नई दिल्ली, 02 अगस्त. केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला. गोयल ने दावा किया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी की युवाओं के बीच बढ़ती लोकप्रियता से परेशान हैं.**



उन्होंने कहा कि राहुल गांधी खुद को कभी 'युवा नेता' के तौर पर देखते थे, लेकिन अब युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता प्रधानमंत्री मोदी के स्तर की नहीं है. मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से सांसद पीयूष गोयल ने युवाओं के बीच भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी की स्वीकार्यता का भी दावा किया. उन्होंने कहा कि भाजपा को युवा मतदाताओं का समर्थन लगातार मिल रहा है. गोयल के मुताबिक, जेनरेशन जेड यानी जेन-जी भी प्रधानमंत्री मोदी के साथ है और युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उनके विजन का समर्थन करते रहेंगे.

गोयल ने प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया का 'सबसे लोकप्रिय नेता' बताते हुए कहा कि युवाओं के साथ उनका जुड़ाव लगातार मजबूत हो रहा है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रधानमंत्री की मौजूदगी का भी जिक्र किया और कहा कि युवाओं के साथ यह संवाद देश के विकास की गति को और तेज करने में मदद कर सकता है.

> गोयल ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के नेता प्रधानमंत्री मोदी की बढ़ती लोकप्रियता और युवाओं के साथ उनके मजबूत जुड़ाव से परेशान हैं. उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी खुद को युवा नेता मानते थे, लेकिन अब यह स्पष्ट हो चुका है कि वह प्रधानमंत्री मोदी जितने लोकप्रिय नहीं हैं. गोयल से दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवाओं के प्रदर्शन और उसके बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से जुड़े सवाल भी पूछे गए.

#### 5 अगस्त को सीजेपी की अहम बैठक

**नई दिल्ली, 02 अगस्त.** नीट प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर चले आंदोलन के बाद कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी अब अपने संगठनात्मक भविष्य और अगले एजेंडे को लेकर मंथन करने जा रही है. संगठन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, 5 अगस्त को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में सीजेपी के मुख्य सदस्यों की अहम बैठक होगी. यह बैठक संगठन के संस्थापक अभिजीत दीपके के आवास पर आयोजित किए जाने की बात कही गई है. यह बैठक जंतर-मंतर आंदोलन के बाद सीजेपी की पहली बड़ी संगठनात्मक चर्चा होगी. करीब एक महीने तक चले नीट प्रश्नपत्र लीक विरोधी आंदोलन के दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई थी.

# कावेरी नदी पर फिर सियासी घमासान

**चेन्नई, 02 अगस्त. कावेरी नदी के पानी को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच एक बार फिर राजनीतिक और कानूनी संघर्ष तेज हो गया है. जल बंटवारे के मुद्दे पर जहां तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, वहीं कर्नाटक सरकार ने इस मामले में आगे की रणनीति तैयार करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई है.**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने रविवार को प्रस्तावित सर्वदलीय बैठक के जरिए राज्य के सभी राजनीतिक दलों से चर्चा करने का फैसला किया है. बैठक में कावेरी जल विवाद, कानूनी विकल्प और राज्य के हितों की रक्षा को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा. दूसरी ओर, डीएमके ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर कर्नाटक सरकार से तमिलनाडु के लिए कावेरी का पानी छोड़ने की मांग की है. डीएमके का आरोप है कि कर्नाटक कावेरी जल प्रबंधन से जुड़े निर्देशों का पालन नहीं कर रहा है.



डीके शिवकुमार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

> पार्टी ने अदालत से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है. कावेरी नदी जल विवाद कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच लंबे समय से चला आ रहा है. दोनों राज्य नदी के पानी पर अपने-अपने अधिकार का दावा करते रहे हैं. इस विवाद में किसानों की जरूरतें, सिंचाई व्यवस्था और पेयजल की उपलब्धता सबसे बड़े मुद्दे रहे हैं. कर्नाटक सरकार ने कहा है कि राज्य कानूनी सलाह और सभी दलों की राय लेने के बाद आगे का फैसला करेगा. मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मेकेदाटु परियोजना को भी जल समस्या के दीर्घकालिक समाधान के तौर पर बताया है.